| **I-201** | Roll No | | | Serial Number ↓ 01365133 |
|---|---|---|---|---|
| Higher Secondary Examination (Regular) - 2018 | | | | |

**हिन्दी विशिष्ट**

**HINDI** (Special)

| Total Questions : **28** | Total Printed Pages : **8** | Time : **3 Hours** | Maximum Marks : **100** |
|---|---|---|---|

**निर्देश :**

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिये 5 अंक आवंटित है, उपप्रश्न पर 1 अंक आवंटित है ।

(iii) प्रश्न क्रमांक 6 से 16 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 2-2 अंक आवंटित है । प्रत्येक का उत्तर लगभग 30 शब्दों में लिखिए ।

(iv) प्रश्न क्रमांक 17 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 3-3 अंक आवंटित है, प्रत्येक का उत्तर लगभग 30 से 75 शब्दों में लिखिए ।

(v) प्रश्न क्रमांक 20 से 25 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 4-4 अंक आवंटित है, प्रत्येक का उत्तर लगभग 120 शब्दों में लिखिए ।

(vi) प्रश्न क्रमांक 26 से 27 के लिए 5–5 अंक आवंटित हैं, प्रत्येक का उत्तर लगभग 150 शब्दों में लिखिए ।

(vii) प्रश्न क्र. 28 के लिए 7+3=10 अंक आवंटित है, शब्द सीमा लगभग 250 शब्द है ।

1 निम्नलिखित वाक्यों के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए :

(अ) अक्रूर नन्दबाबा के यहाँ आए थे –

(i) बलदाऊ को लेने (ii) ग्वालाओं को लेने

(iii) नन्दबाबा को लेने (iv) कृष्ण को लेने

(ब) आने वाली विपत्ति का पूर्ण निश्चय होता है ।

(i) अशोक (ii) भय में

(iii) सम्भावना में (iv) आशा में

(स) गौरा के बछड़े का नाम –

(i) लालमणि (ii) नीलमणि

(iii) बिल्ली (iv) कबूतरी

(द) 'प्रकृति के सुकुमार कवि' कहे जाते है –

(i) निराला (ii) पंत

(iii) प्रसाद (iv) कबीर

(ई) कवित्त के प्रत्येक चरण में वर्ण होते है –

(i) 31 (ii) 36

(iii) 33 (iv) 28

2 उचित शब्दों का चयन कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 1×5=5

(अ) आकाश में बादल आते ही ________ फूलने लगती है । (अम्बर / धरती)

(ब) यह संसार ________ है । इसमें दुःख क्या और सुख क्या ।

(क्षणभंगुर / अमिट)

(स) नैनो एक इकाई है जो एक मीटर के ________ हिस्से के बराबर है ।

(हजारवें / अरबवें)

(द) माँ द्वारा सिखाई गई भाषा को ________ कहते है । (मातृभाषा / राष्ट्रभाषा)

(इ) ________ के दो भेद महाकाव्य और खण्ड–काव्य है ।

(मुक्तक काव्य / प्रबन्ध काव्य)

**3** निम्नलिखित वाक्यों के लिये सत्य / असत्य का चयन कीजिए : $1 \times 5 = 5$

(1) मुक्तिबोध नई कविता के कवि है ।

(2) 'यशोधरा' आलोचनात्मक कविता है ।

(3) केदारनाथ और बद्रीनाथ के पुजारी को रावल कहा जाता है ।

(4) घर खीर तो बाहर खीर का अर्थ मिठाई खाना है ।

(5) करुण का स्थायी भाव शोक है ।

**4** निम्नलिखित वाक्य का उत्तर एक वाक्य / शब्द में लिखिए : $1 \times 5 = 5$

(अ) गजमुख का मुख कौन देखता है ?

(ब) रामनारायण उपाध्याय को लिखने के लिए क्या चाहिए ?

(स) डा. रामकुमार वर्मा की माताजी का क्या नाम था ?

(द) रचना के आधार पर वाक्य के कितने प्रकार होते है ?

(ई) रोला और उल्लाला के संयोग से कौन-सा छन्द बनता है ?

**5** स्तम्भ 'क' से स्तम्भ 'ख' का मिलान कर सही जोड़ी बनाइए : $1 \times 5 = 5$

| स्तम्भ 'क' | स्तम्भ 'ख' |
|---|---|
| (अ) मीरा के आराध्य | देवकी का व्योमातीत रूप |
| (ब) वापसी | द्वन्द्व समास |
| (स) कंस आतंकित था | श्रीकृष्ण |
| (द) गेय मुक्तक | उषा प्रियंवदा |
| (ई) माता-पिता | मीरा पदावली |
| | केशवदास |
| | महाकाव्य |

6 नाव में पानी भर जाने पर सयानों का क्या कर्त्तव्य है ? 2

अथवा

घनानन्द सुजान को क्या उलाहना देते है ?

7 'पल्लव वसना' किसे कहा है ? 2

अथवा

कवि वीरेन्द्र मिश्र ने देशवासियों को मिल–जुलकर रहने पर अत्यधिक बल क्यों दिया है ?

8 'अरी सुहागिन' सम्बोधन किसके लिए आया है ? 2

अथवा

कवि नवीन ने भारतीय युवाओं को 'काल के भी काल' क्यों कहा है ?

9 माँ सरस्वती की वन्दना कौन–कौन करता है ? 2

अथवा

कृष्ण ने दही का दोना कहाँ छिपा लिया ?

10 केवट के किन बचनों को सुनकर प्रभु को हँसी आ गई ? 2

अथवा

विघ्न, बाधाएँ कब मार्ग छोड़ती हैं ?

11 महानगरों में आवास की समस्या पर प्रकाश डालिए । 2

अथवा

घर खुलते ही लेखक को कैसा लगने लगा था ?

12 भय और आशंका में क्या अन्तर है ? 2

अथवा

गजाधर बाबू किस नौकरी से रिटायर हुए थे ?

13 शरद जोशी के अनुसार अच्छे अध्यक्ष की कोई दो विशेषताएँ बताइए । 2

अथवा

सम्मान के विषय में लेखक रामनारायण उपाध्याय की क्या मान्यता है ?

14 उत्तराखण्ड के प्राकृतिक दृश्य श्रद्धालुओं को क्यों आकर्षित करते हैं ? 2

अथवा

नैनो मैटेरियल किसे कहते हैं ?

15 निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए : 2

(i) उसने मेरे को कुछ नही कहा ।

(ii) आपका भवदीय

अथवा

निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए :

(i) अंधेर मचाना

(ii) पलकें बिछाना

16 हास्यरस की परिभाषा सोदाहरण लिखिए । 2

अथवा

काव्य की परिभाषा देते हुए उसके भेद बताइए ।

17 ग्वाले ने गाय को सूई क्यों और कैसे खिला दी ? 3

अथवा

गणेशशंकर विद्यार्थीजी के व्यक्तित्व की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

18 "बैर क्रोध का अचार या मुरब्बा है ।" का भाव विस्तार कीजिए । 3

अथवा

राजभाषा किसे कहते हैं ? राजभाषा की कोई दो विशेषताएँ लिखिए ।

19 रोला छंद किसे कहते हैं ? इस छन्द का उदाहरण दीजिए । 3

अथवा

यमक और श्लेष अलंकार में अन्तर बताइए ।

20 रिपोर्ताज से क्या आशय है ? रिपोर्ताज की तीन विशेषताएँ लिखिए । 4

अथवा

निबन्ध को गद्य की कसोटी क्यों कहा गया है ?

21 प्रयोगवाद की कोई दो प्रमुख विशेषताएँ बताते हुए दो प्रमुख कवियों के नाम तथा उनकी एक–एक रचना का नाम लिखिए । 4

अथवा

नई कविता की कोई दो विशेषताएँ लिखिए । दो प्रमुख कवि एवं उनकी दो रचनाओं के नाम लिखिए ।

22 सूरदास अथवा केशवदास का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिंदुओं के आधार पर लिखिए : 4

(अ) दो रचनायें

(ब) भावपक्ष – कलापक्ष

(स) साहित्य में स्थान ।

23 रामनारायण उपाध्याय अथवा उषा प्रियंवदा का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिंदुओं के आधार पर लिखिए : 4

(अ) दो रचनायें

(ब) भाषा–शैली

(स) साहित्य में स्थान ।

24 निम्नलिखित गद्यांश की सन्दर्भ–प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए : 4

किसी आती हुई आपदा की भावना या दुःख के कारण के साक्षात्कार से जो एक प्रकार का आवेगपूर्ण अथवा स्तम्भ–कारक मनोविकार होता है, उसी को भय कहते हैं ।

अथवा

वसन्ती ने माँ की कोठरी की ओर देखा "अभी आती ही होगी" और प्याले में उनके लिए चाय छानने लगी । बहू चुपचाप पहले ही चली गई थी । अब नरेन्द्र भी चाय का आखिरी घूँट पीकर उठ खड़ा हुआ । केवल बसन्ती, पिता के लिहाज में, चौके में बैठी माँ की राह देखने लगी । गजाधर बाबू ने एक घूँट चाय पी, फिर कहा "बिट्टी चाय तो फीकी है ।"

25 निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ–प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए : 4

मैया कबहि बढ़ैगी चोटी ।
कितीबार मोहि दूध पिअत भई, यह अजहूँ है छोटी ॥
तू जो कहत बल की बेनी, ज्यौ, है हैं लाँवी मोटी ।
काढ़त गुहत न्हपावत ओछत, नागिन सी भुँई लोटी ।।
काचो दूध पिआवत पचि–पचि, देत न माखन रोटी ।
सूर श्याम चिरजीवी दोऊ भैया, हरि हलधर की जोड़ी ॥

अथवा

कबीर संगत सधु की, जो करि जाने कोय ।
सकल विरछ चन्दन भये, बाँस न चन्दन होय ॥

26 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2+2+1=5

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है । समाज से अलग उसके अस्तित्व की कल्पना भी नहीं की जा सकती । परिचित तो बहुत होते है, पर मित्र बहुत कम हो पाते हैं, क्योंकि मैत्री एक ऐसा भाव है, जिसमें प्रेम के साथ समर्पण और त्याग की भावना मुख्य होती है । मैत्री में सबसे आवश्यक है परस्पर विश्वास ।

मित्र एक ऐसा सखा, गुरु तथा माता है जो सबके स्थानों को पूर्ण करता है ।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए ।

(ख) समाज से अलग किसके अस्तित्व की कल्पना नहीं की जा सकती ?

(ग) मित्र किस–किसके स्थानों की पूर्ति करता है ?

27 अपने विद्यालय के प्राचार्य को निर्धन छात्र कोष से छात्रवृत्ति प्रदान करने हेतु आवेदन–पत्र लिखिए । 5

अथवा

परीक्षा अवधि में ध्वनि विस्तारक यन्त्र को बजाने पर प्रतिबन्ध लगाने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी को पत्र लिखिए ।

28 (अ) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में निबन्ध लिखिये : 7

(i) साहित्य समाज का दर्पण है ।

(ii) विज्ञान के बढ़ते चरण ।

(iii) जल का महत्व ।

(iv) पर्यावरण प्रदूषण : समस्या और निदान ।

(ब) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय की रूपरेखा लिखिये : 3

(i) पराधीन सपने सुख नाहीं ।

(ii) यातायात की बढ़ती समस्या ।

(iii) श्रम का महत्व ।

(iv) दीपावली ।

I-202 कक्षा : 12वीं

# हिन्दी (सामान्य) 2018

समय :3 घण्टे] [पूर्णांक : 100

निर्देश- (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक आवंटित हैं। उपप्रश्न पर 1 अंक आवंटित है।

(iii) प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 2-2 अंक आवंटित हैं। प्रत्येक का उत्तर लगभग 30 शब्दों में लिखिए।

(iv) प्रश्न 16 से 21 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 3-3 अंक आवंटित हैं। प्रत्येक का उत्तर लगभग 75 शब्दों में लिखिए।

(v) प्रश्न क्रमांक 22 से 24 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 44 अंक आवंटित हैं। प्रत्येक का उत्तर लगभग 120 शब्दों में लिखिए।

(vi) प्रश्न क्रमांक 25 से 27 तक के लिए 5-5 अंक आवंटित हैं। प्रत्येक का उत्तर लगभग 150 शब्दों में लिखिए।

(vii) प्रश्न क्रमांक 28 के लिए 10 अंक आवंटित हैं। शब्द सीमा लगभग 200-250 शब्द हैं।

प्रश्न 1. उचित शब्दों का चयन कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए- 1x5 =5

(i) सूरदास की भक्ति ................ भाव की है। (दास्य/साख्य)

(ii) नगर शोभा में दोहों की संख्या ............. है। (142/152)

(iii) सुभद्रा कुमारी चौहान का काव्य संग्रह है ..........। (त्रिधारा/पंचधारा)

(iv) हिन्दी निबन्ध का उद्भव काल ............ युग है। (भारतेन्दु द्विवेदी)

(v) एक से अधिक अर्थ देने वाले शब्द......कहलाते हैं। (एकार्थी/अनेकार्थी)

प्रश्न 2. सही विकल्प चुनकर लिखिए- 1x5 =5

(i) गोपालसिंह नेपाली का जन्म सन् है-

(अ) 1932 (ब) 1902 (स) 1904 (द) 1911

(ii) सवा-सवा लाख पर एक को चढ़ाने की घोषणा की-

(अ) गुरु नानक (ब) अर्जुन सिंह (स) गोविन्द सिंह (द) तेग बहादुर

(iii) साठ हजार हाथियों से अधिक बलराशि का स्वामी-

(अ) दारा (ब) शाहजहाँ (स) औरंगजेब (द) हुमायू

(iv) कर्मधारय समास का उदाहरण हैं-

(अ) अष्टांग (ब) दोराहा (स) माता-पिता (द) कनकलता

(v) 'बाल बाँका न होना' का अर्थ है-

(अ) हानि होते होते बचना (ब) कुछ भी हानि न होना

(स) कुछ भी असर न होना (द) कम असर होना

प्रश्न 3. सत्य/असत्य का चयन कर लिखिए- 1x5=5

(i) 'प्रभावती' निराला का काव्य संकलन है।

(ii) मेषमाता बकरी को कहते हैं।

(iii) निष्ठामूर्ति कस्तूरबा संस्मरण विधा है।

(iv) निबन्ध मन की सहज और उन्मुक्त उड़ान है।
(v) अड्यार पुस्तकालय केरल में हैं।

प्रश्न 4. सही जोड़ी बनाइये- 1x5=5

| | | |
|---|---|---|
| (i) जागो फिर एक बार | - | संक्षेपण |
| (ii) सृजन यात्रा की साथी | - | वाक्यांश |
| (iii) गागर में सागर | - | त्रासदी |
| (iv) लोकोक्तियाँ | - | निराला |
| (v) ट्रेजडी की पारिभाषिक शब्द | - | संपूर्ण वाक्य |
| | - | पुस्तकें |
| | - | दुर्घटना |

प्रश्न 5. एक वाक्य में उत्तर दीजिए- 1x5=5
(i) धरती का ताज किसे कहा हैं?
(ii) देवेन्द्र दीपक का जन्म किस सन् में हुआ?
(iii) प्रक्रिया सामग्री का तकनीकी शब्द क्या है?
(iv) अर्थ की दृष्टि से वाक्य के कितने भेद होते हैं?
(v) 'दक्षिण भारत की एक झलक' के लेखक कौन हैं?

प्रश्न 6. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए-
चँद्रमा, बादल, हवा पानी
(अथवा) निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए-...
(i) वह फल खरीदने के लिए बाजार गया। (संयुक्त वाक्य)
(ii) स्वावलंबी व्यक्ति सदा सुखी रहते हैं। (संयुक्त वाक्य)

प्रश्न 7. समास विग्रह कर नाम लिखिए- (कोई दो)
(i) सत्याग्रह (ii) कमलनयन (iii) माता-पिता (iv) नवरत्न
(अथवा) मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए- (कोई दो)
(i) गज भर की छाती होना (ii) सूरज को दीपक दिखाना (iii) सिर धुनना

प्रश्न 8. संक्षेपण किसे कहते हैं?
(अथवा) भाव पल्लवन कीजिए
"दूर के ढोल सुहावने होते हैं

प्रश्न 9. अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कीजिए
(i) रानी पन्द्रह अगस्त में भाषण बोलेगी।
(ii) मैं गीता पढ़ा हूँ
(अथवा) रचना के आधार पर वाक्य के कितने भेद होते हैं? नाम लिखिए।

प्रश्न 10. कोई चार तकनीकी शब्द लिखिए।
(अथवा) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए

(i) आवश्यक (ii) परिष्कृत (iii) स्वाधीन (iv) प्रशंसा

प्रश्न 11. अनकार्थी शब्दों के अलग-अलग अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए-
(i) घटा (ii) अंक
(अथवा) समोच्चारित शब्दों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए-
(i) अवधि - अवधी (ii) अविराम - अभिराम

प्रश्न 12. सिरचन कौन सी वस्तुएँ बनाना जानता था?
(अथवा) बाबू गुलाबराय ने किन परिस्थितियों में स्वयं को नारायण कहा है? ।

प्रश्न 13. चन्द्रकांत किस सभ्यता व रहन-सहन का प्रेमी था?
(अथवा) मंत्री जी उदास क्यों थे?

प्रश्न 14. विषय के आधार पर निबन्ध को कितने भागों में बाँटा गया है? नाम लिखिए। (अथवा) हिन्दी निबन्ध का विकासक्रम लिखिए।

प्रश्न 15. व्यास शैली से क्या आशय है?
(अथवा) किन्हीं चार अप्रवासी हिन्दी निबन्धकारों के नाम लिखिए।

प्रश्न 16. यशोदा ने देवकी को क्या संदेशा भेजा?
(अथवा) रहीम ने समुद्र के जल की अपेक्षा कुएँ के जल को श्रेष्ठ क्यों बताया है?

प्रश्न 17. छत्रसाल की वरछी की विशेषताएँ लिखिए।
(अथवा) "हम कहाँ जा रहे हैं" कविता के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहते हैं?

प्रश्न 18. कवि गोपालसिंह नेपाली ने गंगाजल की क्या विशेषताएँ बतलाई है?
(अथवा) पंचतत्व के किन गुणों को माँ धारण किए हुए हैं?

प्रश्न 19. मोमबत्ती बुझाने के बाद परिवेश में क्या-क्या परिवर्तन हुआ?
(अथवा) दुनिया में कौन-सी दो अमोघ शक्तियाँ मानी गई है? कस्तूरबा की निष्ठा किसमें अधिक थी?

प्रश्न 20. अखबार में जबलपुर की कौन सी घटना छपी थी?
(अथवा) देवेन्द्र दीपक के अनुसार पुस्तक की समीक्षा किस प्रकार की जाती है?

प्रश्न 21. गाँधीजी का शिक्षा के प्रति क्या दृष्किोण था?
(अथवा) स्थितप्रज्ञता कैसे प्राप्त होती है?

प्रश्न 22. शरीरबल और आत्मबल में लेखक ने किसे श्रेष्ठ माना है? आज विश्व कल्याण के लिए दोनों में से कौन सा अधिक उपयोगी है?

(अथवा)        केरल के गाँवों की कौन सी विशेषताएँ हैं?

प्रश्न 23. “माँ बस यह वरदान चाहिए" कविता में देश की जय के लिए कवि किस भाव के आकांक्षी हैं?
(अथवा)        कवि जागो फिर एक बार में क्या उद्बोधन देते हैं?

प्रश्न 24. निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ, प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए-
साजि चतुरंग सैन अंग मैं उमंग धारि,
सरजा सिवाजी जंग जीतन चलत हैं।
भूषन भनत नाद विहद नगारन के,
नदी नद मद गैबरन के रलत हैं।
ऐलफैल खैलभैल खलक में गैलगैल,
गजन की ठेलपैल सैल उलसत हैं।
तारा सो तरनि धूरिधारा में लगत जिमि,
थारा पर पारा पारावार यों हलत है।।
(अथवा)        तप मेरे मोहन का उद्धव धूल उड़ाता आया,
हाय विभूति रमाने का भी मैंने योग न पाया,
सूखा कण्ठ, पसीना छूटा मृग-तृष्णा की माया,
झुलसी दृष्टि, अँधेरा दीखा, टूट गई वह छाया,
मेरा ताप और तप उनका
जलती है यह जठर मही।।

प्रश्न 25. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए-
समय एक अमूल्य निधि है, जीवन संग्राम में सफल होने के लिए समय का सदुपयोग परम आवश्यक है। अक्सर लोग समय की तुलना धन से करते हैं, लेकिन समय धन से अधिक मूल्यवान है। धन तो एक साधन मात्र है, परन्तु समय सब कुछ है। धन नष्ट भी हो जाये तो पुनः प्राप्त किया जा सकता है, किन्तु नष्ट किए समय को प्राप्त करना असंभव है। जो मनुष्य समय नष्ट करता है समय उसे नष्ट कर देता है।
(i) उपर्युक्त गद्यांश का सार्थक शीर्षक लिखिए।
(ii) जीवन में सफल होने के लिए क्या आवश्यक है?
(iii) सबसे अधिक मूल्यवान क्या है?
(iv) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

प्रश्न 26. निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए-
रवि जग में शोभा सरसाता,
सोम सुधा बरसाता,
सब हैं जग कर्म में कोई,
निष्क्रिय दृष्टि न आता,
है उद्देश्य नितान्त तुच्छ,
तृण के भी लघु जीवन का

उसी पूर्ति में वह करता है,
अंत कर्ममय तन का।
(i) उपर्युक्त पद्यांश का शीर्षक लिखिए। (ii) तृण का जीवन कैसा है?
(iii) उपर्युक्त पद्यांश का सारांश लिखिए।

प्रश्न 27. थाना प्रभारी को पत्र लिखकर ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर रोक लगाने का अनुरोध कीजिए।
(अथवा) परीक्षा की तैयारी की सूचना हेतु मित्र को पत्र लिखिए।

प्रश्न 28. (अ) किसी एक विषय पर लगभग 200 से 250 शब्दों में निबन्ध लिखिए-
(i) पर्यावरण संरक्षण - हमारा दायित्व
(ii) स्वच्छ भारत अभियान
(iii) स्वदेश प्रेम
(iv) स्वावलंबन
(v) राष्ट्र निर्माण में युवकों का योगदान

(ब) किसी एक विषय की रूपरेखा लिखिए
(i) मेरे सपनों का भारत
(ii) राष्ट्रीय त्यौहार
(iii) जल ही जीवन है
(iv) महिला सशक्तिकरण
(v) विद्यार्थी और अनुशासन

********